संख्या-68/2018/895/24-1-18-1373/2016

प्रेषक:

इन्द्रराज सिंह,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0,
शक्ति भवन, लखनऊ।

ऊर्जा अनुभाग-1 **लखनऊ : दिनांक 18 मई, 2018**

विषय- जनपद बाराबंकी, फैजाबाद, हमीरपुर, महोबा, मैनपुरी, ललितपुर, जालौन (उरई) एवं इटावा (सैफई) में विद्युत आपूर्ति की समुचित व्यवस्था हेतु उपरिगामी विद्युत लाइनों को भूमिगत कराये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2018-19 में अंशपूँजी मद में वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक वित्त उ0प्र0 पावर करपोरेशन लि0 के पत्र संख्या-485/मु0म0प्र0(वित्त)/वि0प्र0-2/आय-व्यय/2018-19/341 दिनांक 03.04.2018 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 में उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 को वितरण हानियों एवं विद्युत चोरी को कम करने हेतु भूमिगत केबिल कार्य करने के लिए वित्तीय वर्ष 2018-19 में अंशपूँजी मद में प्राविधानित धनराशि रूपये 237,62,00,000/- (रूपये दो सौ सैंतीस करोड़ बासठ लाख मात्र) को जनपद बाराबंकी, फैजाबाद, हमीरपुर, महोबा, मैनपुरी, ललितपुर, जालौन (उरई) एवं इटावा (सैफई) में विद्युत आपूर्ति की समुचित व्यवस्था हेतु उपरिगामी विद्युत लाइनों को भूमिगत कराये जाने हेतु निम्न शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन स्वीकृत कर आहरित किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष अनुमति प्रदान करते है:-

2- प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि का पूर्ण लेखा जोखा तथा वित्तीय एवं भौतिक प्रगति का विवरण समय- समय पर उ0प्र0 शासन को उपलब्ध कराने की बाध्यता होगी।

3- कार्य को मानकों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया जाएगा और लागत वृद्धि अनुमन्य नही होगी।

4- प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि का आहरण माह मई, 2018 एवं जून, 2018 में रूपये 118,81,00,000/- (रूपये एक सौ अठ्ठारह करोड़ इक्यासी लाख मात्र) की दो समान मासिक किश्तों में वास्तविक आवश्यकता होने पर किया जायेगा।

5- प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि के आहरण हेतु कारपोरेशन के सक्षम प्राधिकारी द्वारा वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-5 भाग-1 के प्रपत्र संख्या-42जी/शुद्ध पत्र संख्या-426, दिनांक 13-जुलाई, 1971 द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर बिल बनाकर प्रतिहस्ताक्षर हेतु ऊर्जा अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

6- स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष समय-समय पर व्यय की गयी धनराशि का सम्पूर्ण विवरण यथा कोषागार का नाम जहाँ से धनराशि आहरित की गयी है, बाउचर संख्या, आहरण की तिथि, लेखाशीर्षक आदि तथा आहरित धनराशि के संबंध में उपयोगिता प्रमाण-पत्र महालेखाकार, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद/ लखनऊ और ऊर्जा विभाग/ वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को नियमानुसार उपलब्ध कराने की बाध्यता होगी।

7- स्वीकृत की जा रही धनराशि का उपयोग किसी भी दशा में अन्य मदों में नहीं किया जायेगा।

8- यह सुनिश्चित किया जाय कि स्वीकृत की जा रही धनराशि का उपयोग उन्ही कार्यों के लिए हो जो संबंधित डिस्काम्स द्वारा अपरिहार्य रूप से कराये जाने हो तथा जिनकी तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति सक्षम स्तर से प्राप्त कर ली गयी हो।

http://shasanadesh.up.nic.in

9- इस शासनादेश में निर्धारित विशिष्ट शर्तों का अनुपालन निदेशक (वित्त), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

10- इस संबंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 के अनुदान संख्या-9 के लेखाशीर्षक "4801-बिजली परियोजनाओं पर पूँजीगत परिव्यय-05-संचरण तथा वितरण-190-सार्वजनिक क्षेत्र तथा अन्य उपक्रमों में निवेश-06-उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0 को वितरण हानियों एवं विद्युत चोरी को कम करने हेतु भूमिगत केबिल कार्य हेतु अंशपूँजी-30-निवेश/ऋण" के नामे डाला जायेगा।

11- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-10-यू0ओ0- 99 /दस-2018, दिनांक 17 मई, 2018 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहें हैं।

भवदीय,

इन्द्रराज सिंह
संयुक्त सचिव।

संख्या-68/2018/895(1)/24-1-18, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, (लेखा एव हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद211001।
2- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम उ0प्र0 सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद 211001।
3- महालेखाकार, (आर्थिक एवं राजस्व लेखा परीक्षा), उ0प्र0, छठवां तल केन्द्रीय भवन, सेक्टर-एच, अलीगंज लखनऊ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, लखनऊ।
5- प्रबन्ध निदेशक, मध्यांचल, पूर्वांचल, पश्चिमांचल, दक्षिणांचल, विद्युत वितरण निगम लि0, लखनऊ, वाराणसी, मेरठ, आगरा, उ0प्र0।
6- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-10/राज्य योजना अनुभाग-1/गार्ड बुक।

आज्ञा से,

महावीर प्रसाद गौतम
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in